आदेश की क्रम सं0 और तारीख		आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तिथि सहित

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह।

(Email id- dccourt.grd@gmail.com)

Mutation Revision वाद सं0–07 / 2023

मुंदिका देवी–बनाम–अंचल अधिकारी, पीरटांड

1	2	3
01.12.23		

अभिलेख आदेशार्थ उपस्थापित। अपीलार्थी मुंद्रिका देवी, पतिः–निर्मल राय, ग्राम–तेलंचीपा, थाना– मधुवन, जिला–गिरिडीह जो कि अंचल पीरटॉड, हल्का नं0–VII, मौजा–बेगनबारी, थाना नं0–106, खाता नं0–7 के जमाबंदी (पंजी–II), भाग वर्तमान–01, पृष्ठ सं0–48 की रैयत है, के द्वारा अंचल अधिकारी, पीरटॉड द्वारा पारित नामांतरण वाद सं0–353 / R27 / 2002–23 में दिनांक 07.08.2023 को निर्गत शुद्धि पत्र के आलोक में पंजी–II में निम्नांकित त्रुटि को सुधारने / संशोधन करने हेतु अपील किया गया है।

क्र0सं0	पंजी–II की वर्तमान प्रविष्टि में त्रुटी	पंजी–II की वर्तमान प्रविष्टि में सुधार
1	रैयत के पति का नाम Mundrika Devi, पति–Late Mahavir Ray	Mundrika Devi, पति–Late Nirmal Ray
2	रैयत के पिता का नाम Madhu Ray, पिता–Mahabir Ray	Madhu Ray, पिता– Late Mahavir Ray

अपीलार्थी द्वारा दायर की गई अपीलीय आवेदन को दिनांक–03.10.2022 को स्वीकृति प्रदान करते हुए वाद की कार्यवाही प्रारंभ की गई तथा विभिन्न तिथियों में सुनवाई की गई।

वाद की सुनवाई के क्रम में अपीलार्थी द्वारा समर्पित राजस्व दस्तावेज, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, डुमरी द्वारा दाखिल खारिज अपील वाद सं0–14 / 2023–24 में पारित आदेश दिनांक 24.07.2023, अपर समाहर्त्ता, गिरिडीह, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, डुमरी एवं अंचल अधिकारी, पीरटॉड से प्राप्त प्रतिवेदन तथा अभिलेखवद्ध दस्तावेजों के परिशीलन के उपरांत अपीलार्थी द्वारा दायर की गई अपील की पुष्टि होती है।

अतः अपील वाद को स्वीकृत किया जाता है। चुंकि वर्तमान में अधोहस्ताक्षरी के स्तर से नामंतरण संबंधी ऑनलाईन प्रविष्टि / संशोधन प्रचलन में नहीं है इसलिए अपर समाहर्त्ता, गिरिडीह को आदेश दिया जाता है कि कतिपय अपील के निस्तार हेतु राज्य स्तरीय N.I.C से समन्वय स्थापित कर त्रुटि का निराकरण / संशोधन करना सुनिश्चित करेंगें।

वाद की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

आदेश से सभी संबंधितों को अवगत कराया जाय।

(signature)

विधि व्यवस्था एवं अन्य प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त रहने के कारण आज आदेश पारित किया जाता है।

लेखापित एवं संशोधित।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी
गिरिडीह।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी
गिरिडीह।

ज्ञापांक 990 / न्या0 दिनांक 1/12/2023

प्रतिलिपिः– अपर समाहर्त्ता, गिरिडीह को सूचनार्थ एवं अपीलार्थी के आवेदन के साथ अनुपालनार्थ प्रेषित।

उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी
गिरिडीह।

Digitally signed by NAMAN PRIYESH LAKRA
Date: 2023.12.13 17:39:34 +05:30
Location: 192.168.0.123